Sixteenth Loksabha

pan>

Title: Need to provide jobs in Railway board to the farmers affcted by the Freight Corridor Yojana in Kanpur

बेगम तबस्सुम हसन (कैराना): माननीय उपाध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सदन में कानपुर नगर और कानपुर देहात के लगभग 7,000 किसानों के परिवारों की पीड़ा के बारे में बताना चाहती हूं। मंत्रालय द्वारा डेडिकेटिड फ्रेट कोरिडोर परियोजना के लिए कानुपर जनपद के लगभग 50 गांवों की भूमि का अधिग्रहण किया गया था। अधिग्रहण की कार्रवाई 28.08.2010 को हुई थी । प्रभावित किसान परिवार के एक सदस्य को रेलवे द्वारा सरकारी नौकरी के आश्वासन पर वे अधिग्रहण पर तैयार हुए थे। रेलवे बोर्ड द्वारा जारी पत्र में भी रेलवे परियोजना से प्रभावित परिवारों को सरकारी नौकरी देने की बात कही गई थी। किसान इतने वर्ष बीत जाने के बाद भी दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। उनके परिवार में से किसी को अब तक सरकारी नौकरी नहीं मिली है।

मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से अनुरोध करती हूं कि किसानों की मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का कष्ट करें।

माननीय उपाध्यक्ष: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को बेगम तबस्सुम हसन द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।